प्रादेशिक समाचार
दिनांक–16.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की कथित हत्या और उसके बाद हुई तोड़फोड़ के विरोध में भारतीय चिकित्सा संघ ने की गैर– आपातकालीन सेवाएं बंद रखने की घोषणा, देश भर के सभी अस्पतालों में आज सुबह से हड़ताल जारी।

2. पर्यावरण संरक्षण को लेकर राज्यपाल संतोष गंगवार ने सभी लोगों से की अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने की अपील।

3. रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व राज्य सरकार महिलाओं को देगी सौगात, 18 अगस्त से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि का भुगतान होगा शुरू, पाकुड़ से मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ।

4. जमशेदपुर वन प्रमंडल को मिली बड़ी सफलता, सोनारी थाना क्षेत्र में विभागीय पदाधिकारियों ने छापामारी कर बाघ छाल के साथ तीन लोगों को किया गिरफ्तार।

****

कोलकाता के सरकारी आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या तथा उसके बाद हुई तोड़फोड़ के विरोध में भारतीय चिकित्सा संघ ने आज सुबह छह बजे से 24 घंटे के लिए देश भर में गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद रखने की घोषणा की है। चिकित्सा संघ ने कहा है कि सभी आवश्यक और आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी। आईएमए ने बताया कि सभी बाह्य रोगी विभाग–ओपीडी बंद रहेंगे तथा वैकल्पिक सर्जरी नहीं की जाएगी। आईएमए की राज्य इकाइयों के साथ बैठक के बाद गैर–आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को देश भर में बंद रखने का आह्वान किया गया। आईएमए ने कोलकाता के अस्पताल में हुई तोड़फोड़ की भी निंदा की है!

****

कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद कोडरमा में भी डॉक्टरों के बीच आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है। जहाँ घटना के विरोध में राज्य के तमाम मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर हड़ताल पर हैं, वहीं कोडरमा में कल देर शाम आईएमए के डॉक्टरों ने दिवंगत प्रशिक्षु डॉक्टर को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकाला। डॉक्टरों ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की। वहीं डॉक्टरों ने सेंट्रल मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की भी मांग की।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बोकारो जिले में मनरेगा योजना अन्तर्गत बिरसा मुण्डा हरित बागवानी के तहत 56 एकड़ में लगे आम के बगीचे का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा एक पेड़ माँ के नाम का संदेश दिया गया है। सभी लोग अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उसकी देखरेख करें। उन्होंने कहा कि सरोवर को और सुंदर बनाया जा सकता है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आपके विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित हैं, उन्होंने लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। वहीं उन्होनें जामताड़ा में एक सभा को संबोधित करते हुए लोगों से अपनी समस्याओं को साझा करने को कहा।

****

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की आज पुण्यतिथि है। देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। उन्हें राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली स्थित अटल समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका निधन 16 अगस्त 2018 को 93 वर्ष की आयु में हुआ था। 27 मार्च

2015 को तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने स्वयं उनके आवास पर जाकर उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया था। पेश है

****

रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व 18 अगस्त को पाकुड़ जिले में महिला लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से एक हज़ार रुपए की सम्मान राशि हस्तांतरित कर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ किया जाएगा। इसको लेकर मुख्यमंत्री ने कल शाम वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए विशेष शिविरों में मिल रहे आवेदनों और अब तक स्वीकृत आवेदनों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिए।

****

जमशेदपुर वन प्रमंडल को बड़ी सफलता मिली है, सोनारी थाना क्षेत्र में विभागीय पदाधिकारियों ने छापामारी कर बाघ छाल के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जमशेदपुर के डीएफओ सबा आलम अंसारी ने कहा कि सूचना के आधार पर सोनारी थाना क्षेत्र में छापामारी कर बाघ छाल के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

****

गुमला जिले में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत पीवीटीजी बहुल कुल पांच गांवों को मॉडल विलेज के रुप में चयन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

****

_गोड्डा जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र में कुमरडोय गांव के पास कल एक अनियंत्रित बाइक बिजली के पोल से टकरा गयी थी. बाईक पर सवार तीनों युवक बेहोशी की स्थिति में थे .एंबुलेंस से तीनों को इलाज के लिए मेहरमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। फिर उन्हें अच्छे इलाज के लिए भागलपुर भेज दिया गया. लेकिन इलाज के दौरान तीनों युवकों की मौत हो गई.

वहीं एक दूसरी घटना में हनवारा थाना क्षेत्र के सुंदरचक के निकट आज सुबह करीब 06 बजे हाईवा की चपेट में आने से एक महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. इसके लिए स्थानीय लोगों ने हंगामा किया.

और अब अखबारों की सुर्खियां

78वें स्वतंत्रता दिवस के उत्साह और उससे जुड़े कार्यक्रमों की खबर को रांची से प्रसारित प्रमुख वेबसाइटों ने अपनी सुर्खी बनाई है। इसके अलावा आईएमए द्वारा हड़ताल की खबर को आज प्रमुखता दी है।

प्रभात खबर ने राज्यपाल संतोश गंगवार के दुमका में झंडोतोलन की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक जागरण ने डॉक्टरों की हड़ताल की खबर को प्रमुखता से प्रसारित किया है।

दैनिक भास्कर वेवसाइट ने झारखंड में अगले तीन दिनों तक बारिश के लिए रेड अलर्ट की खबर को प्रमुखता दी है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अक्टूबर तक 35 हजार नौकरियां देने की घोशणा को प्रमुखता दी है।

****